पेज थ्री देहरादून

जनसमस्याएं सुनते सीएम।

देहरादून, शनिवार 4 जनवरी, 2020

पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने वन विश्राम गृह थानो में सुनीं जनसमस्याएं

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को वन विश्राम गृह थानो में बड़ी संख्या में उपस्थिति क्षेत्रीय जनता से भेंट की तथा उनकी समस्यायें सुनी। मुख्यमंत्री ने सभी को नववर्ष की शुभकानायें भी दी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है, उन्होंने जन समस्याओं के प्रति जागरूकता के लिए क्षेत्रवासियों की सराहना भी की।

### एसीएस राधा रतूड़ी की माता व डीजीपी अनिल रतूड़ी की सास के निधन पर दुख व्यक्त

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की माता एवं पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी की सास रत्ना श्रीवास्तव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। शुक्रवार को मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने उनके आई. पी.एस. कॉलोनी किशनपुर स्थित आवास पर जाकर राधा रतूड़ी एवं अनिल रतूड़ी को सांत्वना प्रदान की।

### अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर होगा राज्य अतिथि गृह हरिद्वार का नाम

**संवाददाता** देहरादून। शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अर्द्धकुंभ मेला–2016 के दौरान डामकोठी हरिद्वार के निकट नगर निगम की भूमि पर नवनिर्मित अतिथि गृह वी0आई0पी गेस्ट हाऊस जिसका राज्य सम्पत्ति विभाग द्वारा संचालन हेतु अधिग्रहित कर लिया गया है, का नाम ' अटल बिहारी वाजपेयी राज्य अतिथि गृह, हरिद्वार' के नाम पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी व्यवस्थाधिकारी, राज्य अतिथि गृह, डामकोठी, हरिद्वार गिरधर प्रसाद बहुगुणा द्वारा दी गई है।

### गरीब, निर्धन व असहाय लोगों को रजाई और कंबल वितरित किए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में आज गरीब, निर्धन व असहाय लोगों को रजाई और कंबल वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि सोहन लाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उत्तरांचल प्रदेश अग्रवाल महासभा, हरिमोहन लोहिया, दिनेश सी. गोयल, राम गोपाल, दीपक सिंघल, नितिन जैन, डॉ वेद प्रकाश, अनिल मित्तल आदि सभी की सहायता से चलाई जा रही महाराजा अग्रसेन रसोई के माध्यम से प्रतिदिन जरूरतमंद, असहाय एवं निर्धन वृद्ध लोगों को प्रतिदिन लगभग 25 से 30 टिफिन के माध्यम से भोजन उनके घरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ, 20 फरवरी तक चलेगा

**उद्‌घाटन**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत व खेलमंत्री अरविंद पांडे ने किया उद्घाटन

खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को देखते हुए कुछ खेलों का चयन किया जाए: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ हुआ। इस खेल महाकुम्भ का आयोजन 03 जनवरी से 20 फरवरी तक देहरादून, हरिद्वार, रूद्रपुर एवं हल्द्वानी में किया जा रहा है। खेल महाकुंभ में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। खेल महाकुंभ का शुभारंभ मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि 2024 में होने वाले ओलंपिक खेलों में उत्तराखण्ड से खिलाड़ी प्रतिभाग करें एवं मेडल प्राप्त कर सकें, इसके लिए खेल विभाग को अभी से तैयारी करनी होगी।

राज्य में खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को देखते हुए कुछ खेलों का चयन किया जाए, खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए देश एवं विदेश से भी कोच की आवश्यकता हो तो इसकी व्यवस्था की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के भत्ते को 150 रूपये से बढ़ाकर 200 रूपये किया जायेगा। आमवाला में युवा केन्द्र के समीप खाली जमीन को युवा कल्याण विभाग को दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के अधिकतम युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिले एवं अपनी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाने का मौका मिले। इस उद्देश्य से राज्य में खेल महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। खेलों का उद्देश्य सिर्फ मेडल प्राप्त करना ही नहीं है, बल्कि स्वस्थ शरीर, मस्तिष्क एवं स्वस्थ जीवन के निर्माण में भी खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 खेलों की दृष्टि से उत्तराखण्ड के लिए महत्वपूर्ण वर्ष रहा। उत्तराखण्ड को क्रिकेट में बीसीसीआई से पूर्ण मान्यता मिली एवं रणजी ट्राफी में आधिकारिक रूप से न केवल शिरकत की बल्कि सराहनीय प्रदर्शन भी किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि खेल महाकुंभ के आयोजन से राज्य के हर जिलों से युवाओं को अपने खेल कौशल को दिखाने का मौका मिल रहा है। इस खेल महाकुंभ में 500 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। राज्य सरकार का प्रयास है आगामी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के युवाओं को प्रतिभाग करने का अधिक से अधिक मौका मिले।



राज्य स्तरीय खेल महाकुम्भ कि शूभारंभ अवसर पर सीएम।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**संवाददाता** विकासनगर। राज्य कर्मचारी घोषित किए जाने और मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर ब्लाक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शनिवार को देहरादून में परेड ग्राउंड से मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। शुक्रवार को धरना स्थल पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के साथ देहरादून की महारैली को सफल बनाने पर भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने मंथन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगठन की जिलाध्यक्ष पिंकी ने कहा कि देहरादून की महारैली के बाद भी प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों के समर्थन में उचित कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।

अभी तक शांतिपूर्ण तरीके पर आंदोलन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सड़कों पर आंदोलन शुरू कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार और विभागीय अधिकारी उनकी मांगों पर गौर करने के बजाय आंदोलन को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं। कहा कि सरकार की मंशा को सफल नहीं होने दिया जाएगा और मांगों पर कार्रवाई होने के बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा। धरना प्रदर्शन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि शनिवार को देहरादून में महारैली के दौरान प्रदेश भर आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के साथ विचार कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन करने वालों में सुमन पाल, संगीता, रुचि डोगरा, जयेंद्री, राधा शर्मा, निशि, अंजू, रजनीश, सीमा, सरोज तिवारी, सुमित्रा आदि शामिल रहे।

### बीएड टीईटी प्रशिक्षित महासंघ ने शिक्षा निदेशालय पर किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। बेसिक स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती शुरू करने की मांग को लेकर बीएड टीईटी प्रशिक्षित महासंघ ने शिक्षा निदेशालय में प्रदर्शन किया। महासंघ पिछले 406 दिन से आंदोलनरत है। अब महासंघ ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो हम आंदोलन तेज करेंगे। शुक्रवार को दोपहर बेरोजगारों ने निदेशालय परिसर में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। महासंघ उपाध्यक्ष नरेंद्र तोमर और सचिव किशोर कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2019 को रोजगार वर्ष घोषित किया था। मगर प्रदेश के सैकड़ो स्कूलों में शिक्षकों की काफी कमी है। सरकार इन्हें भरने में रुचि नहीं ले रही। यदि 15 दिन के भीतर इस दिशा में पहल न की गई तो महासंघ आंदोलन तेज कर देगा।

# स्वच्छकारों को योजनाओं का लाभ देना सुनिचिश्चत करें

**निर्देश**

■विभिन्न योजनाओं की जानकारी हेतु कैम्प का हो आयोजन

देहरादून। **संवाददाता**

सचिवालय में सदस्य केन्द्रीय अनुश्रवण समिति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार भगवत सिंह मकवाना की अध्यक्षता में राज्य में स्वच्छकारों के कल्याण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर केन्द्रीय समिति के सदस्य मकवाना द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्वच्छकारों को मैनुअल स्कवेंजर्स एक्ट 2013 व स्वच्छकार विमुक्ति पुनर्वासन हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र अभ्यर्थियों को देने हेतु गम्भीरता पूर्वक कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र अभ्यर्थियों को योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया जाए।



सदस्य केन्द्रीय अनुश्रवण समिति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भगवत प्रसाद मकवाना बैठक लेते हुए।

अनुश्रवण समिति सदस्य श्री मकवाना ने अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना के तहत प्रदेश के सभी स्वच्छकारों को आच्छादित करने पर मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश के सभी जनपदों में स्वच्छकारों के चिन्हीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजे जाने के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राज्य के 4 जनपदों में स्वच्छकारों का चिन्हीकरण एवं इनके लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी हेतु कैम्प का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट तैयार किए जाएं जिससे स्वच्छकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। इसके लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कर उनके संचालन की जिम्मेदारी स्वच्छकारों को दी जाए। मैनुअल स्कवेंजर्स एक्ट 2013 के तहत प्रदेश एवं जनपद स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाए।

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। पछुवादून कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।